कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, CIG Marg, N. Delhi-110002
वेबसाइट:www.esic.nic.in / www.esic.in
ईमेल: rajbhasha-hq@esic.nic.in

संख्या : ए-49/16/2/2021-रा.भा.

दिनांक: 07 जनवरी, 2025

सेवा में,

1. बीमा आयुक्त, राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी, द्वारका, नई दिल्ली।
2. अपर आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक/ निदेशक/ प्रभारी संयुक्त निदेशक/ प्रभारी उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय/ उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी.निगम अस्पताल/ क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल।
4. संकायाध्यक्ष, क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय/ दंत्य महाविद्यालय/ नर्सिंग महाविद्यालय, स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान।
5. निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली/ नोएडा/ के.के.नगर ।

**विषय : <u>निगम इकाइयों में प्रचलित कर्मचारी राज्य बीमा निगम- हिंदी प्रयोग प्रोत्साहन योजना – वर्ष 2024</u>**

महोदय/ महोदया,

निगम में कर्मचारी राज्य बीमा निगम- हिंदी प्रयोग प्रोत्साहन योजना जनवरी, 1985 से लागू हैं जो प्रत्येक वर्ष **01 जनवरी से 31 दिसंबर** तक की अवधि के लिए होती हैं। योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 से पुरस्कार विजेता अधिकारी/ कर्मचारी को **1200/- रुपये** का पुरस्कार प्रदान किया जाना है। वर्ष 2024 के दौरान जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों ने निर्धारित प्रतिशतता (राजभाषा क्षेत्र – 'क', 'ख' तथा 'ग' में स्थित कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के लिए क्रमशः 100, 75 तथा 50 प्रतिशत) में सरकारी कामकाज हिंदी में किया है, उनसे निम्नलिखित प्रपत्र में प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएं :-

**<u>कर्मचारी राज्य बीमा निगम- हिंदी प्रयोग प्रोत्साहन योजना के लिए प्रविष्टि प्रपत्र</u>**

अधिकारी/ कर्मचारी का नाम व पदनाम :

अधिकारी/ कर्मचारी संख्या :

अधिकारी/ कर्मचारी का मोबाइल नं. एवं ईमेल पता :

शाखा का नाम (वीओआईपी संख्या सहित) :

(1 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक) :

**<u>अधिकारी/कर्मचारी द्वारा घोषणा पत्र</u>**

प्रमाणित किया जाता है कि वर्ष 2024 के दौरान मैंने टिप्पण/आलेखन में निर्धारित प्रतिशतता ...... में / से अधिक कार्यालयीन कार्य हिंदी में किया है। इस अवधि में मैंने न तो मात्र टंकण/ डायरी-डिस्पैच का कार्य किया है और न ही मैं राजभाषा शाखा में तैनात था/ थी ।

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**दिनांक :**

**नियंत्रक/ रिपोर्टिंग अधिकारी के मुहर सहित प्रति हस्ताक्षर**

आमंत्रित प्रविष्टियों पर कार्यालय में यथानिर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर कार्यालय अध्यक्ष की सहमति के उपरांत जारी पुरस्कृत कार्मिकों की सूची निगम मुख्यालय को निश्चित रूप से दिनांक 30 अप्रैल, 2025 तक भिजवा दें। कृपया इस प्रोत्साहन/ पुरस्कार योजना का व्यापक प्रचार करें ताकि वर्ष 2025 में अधिकाधिक अधिकारी और कर्मचारी इस योजना के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रयोग/ प्रसार से जुड़ सकें।

**भवदीय,**

Signed by Shyam Kumar
Date: 07-01-2025 19:26:10

**(श्याम कुमार)**

**संयुक्त निदेशक (राजभाषा)**

प्रतिलिपि :

वेबसाइट सामग्री प्रबंधक को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस पत्र को क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करें।

07.01.2025

**संयुक्त निदेशक (राजभाषा)**